Deendayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur ,UP.India
Media and Public Relations Office

दिनांक: 26 / 07 / 2022

प्रकाशनार्थ

**अंग्रेजी विभाग में कारगिल के वीर शहीदों को किया गया नमन ।**

आजादी के अमृत महोत्सव के अंतगर्त देशभर में राष्ट्रभक्ति से जुड़े कार्यक्रम किये जा रहे है इसी के अंतर्गत आज अंग्रेजी विभाग में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर कारगिल के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस दौरान अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अजय शुक्ला ने कारगिल के वीर शहीदों को के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि देश की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वालों शहीदों के प्रति हमारी प्रेम भावना अत्यधिक मजबूत होनी चाहिए। आज का यह श्रद्धांजलि कार्यक्रम हमारे उन्ही वीर शहीदों के नमन करने के लिए है जिन्होंने सीमा पर लड़ते लड़ते भारत माता की रक्षा के लिए अपनी जान न्योछावर कर दिया पर देश के एक इंच में भी दुश्मनो को घुसने नही दिया। इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में अंग्रेजी विभाग में विभाग के शिक्षक प्रोफेसर हुमा सब्जपोश, प्रोफसर अवनीश राय, प्रोफेसर गौरहरी बेहरा, डॉ शायका तंजील सहित आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत कार्यक्रमो के आयोजन के समन्वयन के लिए गठित टीम के सदस्य असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. पंकज सिंह, डॉ बृजेश कुमार, एम ए थर्ड सेमेस्टर के छात्र नितेश सिंह, पीयूष सिंह, सोनल यादव आदि ने भी पुष्प अर्पित कर वीर शहीदों को नमन किया, इस दौरान विभाग के छात्र छात्राओं ने भारत माता की जय, वीर शहीद अमर रहें के जयघोष से पूरे कला संकाय को गुंजायमान कर दिया।

**Media and Public Relations Officer
Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur
University, Gorakhpur**